देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 31 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
रेवड़ी कल्चर से परहेज



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 1 मई 2024



मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 16.0°

74007.11

2 नेतन्याहू की बढ़ी मुश्किलें

7 रोहित के रिकॉर्ड्स का बजता है डंका

# 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाऊंगा

## महाराष्ट्र में सूखे का जिक्र कर कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

माढा। वरिष्ठ नेता शरद पवार को एक 'भटकती आत्मा' बताने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके अतीत पर हमला किया। मंगलवार को पीएम मोदी ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री रहते हुए उन्होंने किसानों के लिए बहुत कुछ नहीं किया। मोदी ने सोलापुर जिले के मालशिरस में एक रैली में कहा, ''जब महाराष्ट्र के बड़े नेता केंद्रीय कृषि मंत्री थे, तब किसान अपने बकाए के लिए गन्ना आयोग के चक्कर लगाते थे।''

शरद पवार का नाम लिए बिना सोमवार को एक रैली में उन पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा था, ''महाराष्ट्र में एक 'भटकती आत्मा' है। यदि उसे सफलता हासिल नहीं होती है तो वह दूसरों के अच्छे काम को खराब करती है। महाराष्ट्र इसका शिकार रहा है।'' उन्होंने कहा, ''यह खेल 45 साल पहले इसी नेता ने शुरू किया था। यह सिर्फ उनकी निजी महत्वाकांक्षा के लिए था और फिर महाराष्ट्र हमेशा एक अस्थिर राज्य रहा। इसी का नतीजा था कि कई मुख्यमंत्री अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाए।''

मालशिरस रैली में मोदी ने मतदाताओं से कहा कि वे कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के पक्ष में मतदान करके अपना वोट बर्बाद ना करें। उन्होंने कहा, ''अपना वोट उन्हें देकर क्यों बर्बाद किया जाए जो लोकसभा में साधारण बहुमत के लिए जरूरी न्यूनतम सीटों पर भी चुनाव नहीं लड़ रहे हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि विदर्भ हो या मराठवाड़ा हो, वर्षों से यहां के लोगों को बूंद–बूंद पानी के लिए तरसाने का 'पाप' होता रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को देश ने 60 साल तक राज करने का मौका दिया और इन 60 वर्षों में दुनिया के अनेक देश पूरी तरह से बदल गए लेकिन कांग्रेस किसानों के खेत तक पानी नहीं पहुंचा पाई। उन्होंने कहा, ''वर्ष 2014 में करीब 100 सिंचाई परियोजनाएं ऐसी थीं जो कई दशकों से लटकी पड़ी थीं। इसमें से 26 परियोजनाएं महाराष्ट्र से थीं। सोचिए, कितना बड़ा धोखा कांग्रेस ने महाराष्ट्र को दिया है। साल 2014 में सरकार बनने के बाद मैंने पूरी शक्ति इन सिंचाई परियोजनाओं पर लगा दी।

**60 साल बनाम 10 साल**

मोदी ने कहा कि लोग उनकी सरकार के 10 साल और कांग्रेस के 60 साल के शासन के बीच अंतर देख रहे हैं। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस 60 वर्षों में जो नहीं कर पाई, आपके इस सेवक ने 10 साल में करके दिखाया है।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता हर चुनाव में गरीबी हटाने की बात करते रहे लेकिन कभी कोई ठोस कदम नहीं उठाया। मोदी ने कहा कि पिछले 10 साल में उनकी सरकार 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफल रही है।



**कांग्रेस ने महाराष्ट्र को धोखा दिया**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा,विदर्भ हो, मराठवाड़ा हो। बूंद बूंद पानी के लिए तरसाने का ये पाप वर्षों से होता रहा है। कांग्रेस को देश ने 60 साल तक राज करने का मौका दिया। इन 60 वर्षों में दुनिया के अनेक देश पूरी तरह से बदल गए, लेकिन कांग्रेस किसानों के खेत तक पानी नहीं पहुंचा पाई। पीएम मोदी ने आगे कहा कि 2014 में करीब 100 सिंचाई परियोजनाएं ऐसी थीं, जो कई दशकों से लटकी पड़ी थीं, इसमें से 26 परियोजनाएं महाराष्ट्र से थीं। सोचिए, कितना बड़ा धोखा कांग्रेस ने महाराष्ट्र को दिया है।

**विपक्षी गठबंधन मोदी को बदलने के लिए ताकत लगा रहा**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मोदी आपका जीवन बदलने के लिए दिन–रात काम करता है। वहीं इंडी गठबंधन वाले मोदी को बदलने के लिए पूरी ताकत लगा रहें हैं। मैं आपका जीवन बदलना चाहता हूं लेकिन वे मुझे बदलना चाहते हैं। पीएम मोदी ने कहा इनकी हालत यह है कि झूठ नहीं चलता है तो एआई के द्वारा हमारे चेहरे का उपयोग करके उनकी मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो बिकने लगे हैं। मोदी की आवाज को और मोदी के भाषण का उपयोग करके नई–नई चीजें गढ़ रहे हैं। कांग्रेस की लटकाई 100 परियोजनाओं में से 63 हमने पूरी की हैं। हर खेत में, हर घर तक पानी पहुंचाना मेरे जीवन का बहुत बड़ा मिशन है।''

## संक्षिप्त समाचार

### अमित शाह के एडिटेड वीडियो केस में बड़ी कार्रवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो मामले में अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई की है। क्राइम ब्रांच ने कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी के पीए सतीश वंसोला समेत 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। दूसरा व्यक्ति आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता बताया जा रहा है। इस संबंध में साइबर क्राइम डीसीपी लवीना सिन्हा ने कहा कि इन दोनों आरोपियों ने पालनपुर और लिंकेडा के एक जागरूकता फैलाने वाले वीडियो को एडिट किया था।

### गिरफ्तारी के समय को लेकर ईडी से पूछा सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय को लेकर प्रवर्तन निदेशालय से सवाल किया। कोर्ट ने इस बाबत जांच एजेंसी से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति ने जवाब मांगते हुए कहा कि जीवन और स्वतंत्रता बेहद महत्वपूर्ण हैं।

# बोर्ड परीक्षा में इस बार फिर छात्राओं ने बाजी मारी

### राज्य में हाईस्कूल में 89.14 प्रतिशत और इंटर में 82.63 प्रतिशत बच्चे हुए पास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर बोर्ड की ओर से 10वीं और 12वीं का परीक्षाफल मंगलवार को जारी हो गया है। बोर्ड परीक्षा में इस बार फिर छात्राओं ने बाजी मारी है। हाईस्कूल में जीबीएस जीआईसी गंगोलीहाट पिथौरागढ़ की छात्रा प्रियांशी रावत ने प्रदेश में टॉप किया है। छात्र ने 500 में से 500 अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ सूची में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं, इंटरमीडिएट में विवेकानंद इंटर कॉलेज रानीधाम रोड अल्मोड़ा के पीयूष खोलिया व एचजीएसएसवीएमआईसी कुसुमखेड़ा हल्द्वानी की छात्रा कंचन जोशी ने 500 में से 488 अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ सूची में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।

पिथौरागढ़ की प्रियांशी रावत ने हाईस्कूल की परीक्षा में प्रदेश में टॉप किया। रुद्रप्रयाग के शिवम मलेठा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पौड़ी गढ़वाल की आयुष ने तीसरा स्थान हासिल किया है।

वहीं 12वीं में अल्मोड़ा के पीयूष खोलिया और एचजीएसएसवीएमआईसी कुसुमखेड़ा हल्द्वानी की छात्रा कंचन जोशी ने पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर रुद्रप्रयाग के अंशुल नेगी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। ऋषिकेश के हरीश चंद्र बिजल्वाण ने तीसरा स्थान पाया।

इस बार हाईस्कूल में संस्थागत और व्यक्तिगत एक लाख, 16 हजार, 379 परीक्षार्थी और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 94 हजार, 768 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। कुल दो लाख 11 हजार 147 परीक्षार्थियों को परीक्षाफल जारी हुआ। मूल्यांकन कार्य 27 मार्च से 10 अप्रैल के बीच किया गया। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 9937 रही और कुल 10.79 प्रतिशत है।

**इतना रहा परीक्षा परीक्षा परिणाम**

बोर्ड के सभापति महावीर सिंह बिष्ट ने उत्तराखंड बोर्ड का हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम सुबह साढ़े 11 बजे घोषित किया। हाईस्कूल में उत्तीर्ण प्रतिशत 89.14: रहा। इसमें 85.59 फीसदी छात्र और 92.54 फीसदी छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। जबकि इंटरमीडिएट में कुल 82.63 फीसदी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें 78.97 फीसदी छात्र और 85. 96 फीसदी छात्राएं पास हुई हैं।

# 20 विश्व कप के लिए टीम टीम इंडिया का ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारत की 15 सदस्यीय स्क्वाड का एलान हो गया है। बीसीसीआई ने काफी लंबी मीटिंग के बाद आधिकारिक रूप से टीम इंडिया की स्क्वाड की घोषणा की। रोहित शर्मा को टीम की कमान सौंपी गई हैं, जबकि उप–कप्तान की जिम्मेदारी हार्दिक पांड्या को दी गई। भारत की टीम में विकेटकीपर्स के लिए संजू सैमसन और ऋषभ पंत को शामिल किया गया हैं, जबकि केएल राहुल का टीम से पत्ता कटा।

बीसीसीआई ने केएल राहुल के अलावा रिंकू सिंह और शुभमन गिल को भी टीम में जगह नहीं दी। हालांकि, बीसीसीआई ने रिंकू सिंह, शुभमन गिल,खलील अहमद और आवेश खान को ट्रैवलिंग रिजर्व में रखा है। बता दें कि रिंकू सिंह पर शिवम दुबे को तरजीह दी गई है। आईपीएल 2024 में शिवम दुबे का बल्ला जमकर गरज रहा हैं और उन्हें उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम भी मिल गया हैं। भारत अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत 05 जून, 2024 को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा, इसके बाद 09 जून, 2024 को उसी स्थान पर पाकिस्तान के खिलाफ अहम मुकाबला होगा। इसके बाद भारत क्रमशः 12 और 15 जून को यूएसए और कनाडा से खेलेगा।

**ऐलान**

■राहुल ने केंद्र पर लगाए जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप

**टीम इंडिया का स्क्वाड**

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# गरीबों के अधिकार छीनने के लिए मांग रही 400 सीट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

छत्तीसगढ़। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को दावा किया कि भाजपा गरीबों के कल्याण के लिए नहीं बल्कि उनके अधिकार छीनने के लिए 400 से अधिक लोकसभा सीटें जीतना चाहती है।

छत्तीसगढ़ के जांजगीर–चांपा जिले में एक अभियान रैली में बोलते हुए उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह महसूस करने के बाद निराश हो गए थे कि भारतीय गुट बहुमत की ओर बढ़ रहा है, और इसलिए वह मंगलसूत्र और हिंदू–मुसलमान के बारे में टिप्पणियों का सहारा ले रहे हैं। यह रैली जांजगीर–चांपा से कांग्रेस प्रत्याशी शिवकुमार डहरिया के समर्थन में थी। खरगे ने कहा, यह चुनाव भारत को एकजुट रखने और संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ा जा रहा है। मोदी और उनके अनुयायी बार–बार कहते हैं, हमें 400 से अधिक का आंकड़ा दीजिए। वे 400 से अधिक सीटें मांग रहे हैं, गरीबों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े लोगों के कल्याण के लिए नहीं बल्कि कि गरीब लोगों के अधिकार छीन लो।

**मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलसूत्र वाली बात पर साधा निशाना**

## न्यूज डायरी



### हूती विद्रोहियों ने हिंद महासागर में जहाजों पर किया हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काहिरा। यमन के हूती विद्रोही लाल सागर में जहाजों को निशाना बना रहे हैं। इजरायल और हमास युद्ध के बाद से सभी हूती विद्रोही हिंसक रूप से जहाजों पर हमला कर रहे हैं। वहीं, एक बार फिर हूती विद्रोहियों ने हिंद महासागर में जहाजों पर हमले बढ़ा दिए हैं। यमन के हूती विद्रोहियों ने कहा कि उन्होंने इजरायल के विरोध में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत हिंद महासागर में एक ड्रोन हमले में एमएससी ओरियन कंटेनर जहाज को निशाना बनाया है। एलएसईजी डेटा के मुताबिक पुर्तगाल के झंडे वाला एमएससी ओरियन पुर्तगाल और ओमान के बीच चल रहा था। इस जहाज का मालिक जोडियाक मैरीटाइम है। जोडियाक का स्वामित्व आंशिक रूप से इजरायली व्यवसायी इयाल ओफर के पास है। कंपनी ने अभी तक इसे लेकर कोई बयान नहीं दिया है। ईरान के समर्थन वाले हूती आतंकियों ने नवंबर के बाद से लाल सागर, बाब अल–मंडब सट्रेट और अदन की खाड़ी में बार–बार ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं, जिससे जहाजों को दक्षिणी अफ्रीका के आसपास लंबी और अधिक महंगी यात्राओं पर माल भेजने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इससे यह डर भी फैल गया है कि इजरायल हमास युद्ध और भी खींच सकता है, जिससे मध्य पूर्व अस्थिर हो सकता है।

### जर्मनी में यूक्रेनी सैनिकों के हत्या के पीछे हो सकता है राजनीतिक मकसद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बर्लिन। जर्मन अभियोजक ने सोमवार को कहा कि दो यूक्रेनी सैनिकों की हत्या के पीछे राजनीतिक मकसद से इनकार नहीं किया जा सकता है। हत्या के शक में रूसी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। जर्मनी के बवेरिया के मुनर गांव में शाम दो यूक्रेनी सैनिकों को चाकू मार दिया गया था। हमले में एक की मौके पर ही मौत हो गई थी और एक अन्य ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। म्यूनिख में अभियोजक जनरल कार्यालय ने कहा कि अभी हत्या के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं है। हालांकि, राजनीतिक मकसद से इनकार नहीं किया जा सकता है और सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। यूक्रेन सरकार ने बयान जारी कर कहा कि मृतकों की यूनिटों से उनके बारे में जानकारी मांगी गई है और उनके परिवार से संपर्क बनाने के प्रयास जारी है। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने म्यूनिख में महावाणिज्य दूतावास को मामले की निगरानी करने और जर्मनी की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के संपर्क में रहने का निर्देश दिया है। मामले में अब तक रूसी दूतावास ने कोई टिप्पणी नहीं की है।

### अमेरिका में बवंडर ने मचाई तबाही, एक बच्चे समेत चार लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओक्लाहोमा। अमेरिका के ओक्लाहोमा में भयानक तूफान और तेज हवाओं के कारण एक बच्चे सहित चार लोगों की मौत हो गई है। समाचार एजेंसी ने बताया कि मिसौरी से टेक्सास तक कई राज्यों में तूफान और भारी बारिश के साथ–साथ ओले भी पड़ सकते हैं। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने बताया कि रात ओक्लाहोमा के कुछ हिस्सों में एक साथ कई बड़े और बेहद खतरनाक बवंडर देखने को मिली। रिपोर्ट के अनुसार, ओक्लाहोमा आपातकालीन प्रबंधन विभाग ने कहा कि शनिवार रात कई जगहों पर भयानक तूफान और तेज हवाओं के कारण संपत्ति की क्षति, बाढ़ और बिजली लाइनों और पेड़ों के गिरने की सूचना है। मौसम सेवा ने नॉर्मन क्षेत्र में 22 बवंडर की पुष्टि की है। ओक्लाहोमा के गवर्नर केविन स्टिट ने बताया कि तूफान का सबसे अधिक असर सल्फर शहर में देखने को मिला है। उन्होंने आगे कहा कि इस खतरनाक बवंडर के कारण अकेले सल्फर शहर में तीस से अधिक लोग घायल हो गए हैं। स्टिट ने एक आपातकालीन घोषणा में बताया कि वह तूफान से हुए नुकसान वाले शहर सल्फर और होल्डनविले का दौरान करेंगे। रिपोर्ट में बताया कि पूर्वी टेक्सास से उत्तर की ओर ऊपरी मिसिसिपी नदी घाटी तक करीब 47 मिलियन लोगों को गंभीर मौसम का खतरा है। मौसम सेवा ने बताया कि कई शहरों में बड़े–बड़े ओले गिर सकते हैं। इस दौरान 70 मील प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती है।

# नेतन्याहू की बढ़ी मुश्किलें, आईसीसी जारी कर सकता है अरेस्ट वारंट

**रिपोर्ट**

## आईसीसी के इस कदम से भड़का अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इजरायल और हमास के बीच भयानक युद्ध जारी है। गाजा पट्टी में भीषण नरसंहार के चलते इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ एक्शन हो सकता है। मिली जानकारी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय उनकी गिरफ्तारी का वारंट जारी करने वाली है। वारंट सिर्फ नेतन्याहू ही नहीं इजरायली रक्षा मंत्री और आईडीएफ चीफ के खिलाफ भी जारी हो सकता है। आईसीसी के इस कदम से अमेरिका भड़का गया है। उसने चेतावनी दी है कि अगर ऐसा हुआ तो आईसीसी अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे।

गाजा पट्टी में इजरायली सेना के हमले से मरने वालों की तादाद 34 हजार के पार हो गई है। गाजा में मरने वालों में ज्यादातर निर्दोष बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। गाजा पर



जमीनी और हवाई ऑपरेशनों को रोकने के लिए यूएन समेत कई अंतरराष्ट्रीय संगठन आवाज उठा चुके हैं लेकिन, नेतन्याहू ने अपने कदम पीछे नहीं किए हैं। अदालत ने तीन साल पहले 2014 के इजरायल–हमास युद्ध में यहूदी राष्ट्र और फलस्तीनी आतंकवादियों द्वारा किए जा रहे संभावित युद्ध अपराधों की जांच शुरू की थी।

इजरायली सरकार के एक सूत्र ने द टाइम्स ऑफ इजरायल को बताया कि आईसीसी को गिरफ्तारी वारंट के साथ आगे बढ़ने से रोकने के लिए अमेरिका भी अंतिम कूटनीतिक प्रयास का हिस्सा है। वहीं, गाजा में युद्ध रोकने इजरायल राजनयिक चौनलों के माध्यम से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, रक्षा मंत्री योव गैलेंट और अन्य सैन्य अधिकारियों के लिए युद्ध अपराधों पर गिरफ्तारी वारंट जारी करने से अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) को रोकने की कोशिश कर रहा है। इजरायली अधिकारियों को डर है कि हेग स्थित अदालत इस सप्ताह की शुरुआत में वारंट जारी कर सकती है।

इस बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, जो इस समय गाजा में युद्धविराम समझौते पर चर्चा के लिए सऊदी अरब में हैं, ने हमास से संभावित संघर्ष विराम के लिए इजरायल के नवीनतम और असाधारण उदार प्रस्ताव को स्वीकार करने और इजरायल–हमास युद्ध के बीच बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में दोनों पार्टियों के सांसदों ने अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय को चेतावनी दी है कि यदि शीर्ष इजरायली अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया तो वाशिंगटन अदालत के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करेगा। बता दें कि आईसीसी नेतन्याहू, इजरायली रक्षा मंत्री समेत आईडीएफ चीफ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मामले पर आईसीसी ऐक्शन लेने की तैयारी कर रहा है।

## पाकिस्तान को आईएमएफ ने सुनाई गुड न्यूज...

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान को राहत पैकेज के तहत 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर की तत्काल मदद को मंजूरी दे दी है। आईएमएफ ने कहा कि देश को अपनी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत है। इस संबंध में निर्णय आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने लिया। उसने एसबीए द्वारा समर्थित पाकिस्तान के आर्थिक सुधार कार्यक्रम की दूसरी तथा अंतिम समीक्षा पूरी करने के बाद यह फैसला किया। इसके साथ, एसबीए के तहत देय राशि करीब तीन अरब अमेरिकी डॉलर हो गई है।

आईएमएफ की उप प्रबंध निदेशक एंटोनेट सयेह ने कहा, आगे आने वाली चुनौतियों को देखते हुए पाकिस्तान को इस कठिन परिश्रम से प्राप्त स्थिरता का लाभ उठाना चाहिए। वर्तमान व्यवस्था से आगे बढ़कर मजबूत, समावेशी तथा टिकाऊ वृद्धि के लिए ठोस वृहद आर्थिक नीतियों और संरचनात्मक सुधारों के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि निरन्तर बाह्य समर्थन भी महत्वपूर्ण होगा। आईएमएफ अधिकारी ने कहा कि मजबूत, दीर्घकालिक समावेशी वृद्धि हासिल करने और रोजगार सृजन के लिए सबसे वंचित लोगों को निरंतर संरक्षण प्रदान करने की आवश्यकता है।



## वांटेड अपराधी को गिरफ्तार करने गई पुलिस पर फायरिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चार्लोट। अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना में बदमाशों द्वारा की गई गोलीबारी में चार पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई। वहीं, चार अन्य अधिकारी घायल हो गए। यह सभी अधिकारी बंदूक रखने के आरोप में वांछित एक अपराधी के वारंट की तामील करने उत्तरी कैरोलिना के एक घर में गए थे। तभी बदमाशों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसमें चार पुलिस कर्मियों की मौत हो गई तो वहीं चार घायल हो गए। चार्लोट–मैकलेनबर्ग पुलिस प्रमुख जॉनी जेनिंग्स ने कहा कि मारे गए अधिकारियों की पहली खेप को बचाने के लिए चार्लोट पड़ोस में पहुंचे कुछ अधिकारी घायल हो गए क्योंकि वांछित व्यक्ति को मारने के बाद दूसरे शूटर ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी।

# दीवारों के पीछे कुछ शक्तियां हैं जो हमें नियंत्रित कर रहीं

■पाकिस्तान के विपक्षी नेता ने शहबाज सरकार को सुनाई खरी–खरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। महंगाई, बुरी अर्थव्यवस्था, आतंकवाद सहित अन्य कई गंभीर संकट से निपटना शहबाज सरकार के आगे सबसे बड़ी चुनौती है। हालांकि, पाकिस्तान की नवनिर्वाचित शहबाज सरकार कई बार कश्मीर राग अलाप चुकी है। वहीं, दूसरी ओर पाकिस्तान सरकार की कोशिश है कि वो भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाएं। इसी बीच पाकिस्तान के विपक्षी नेता और जेयूआई–एफ प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने भारत की प्रशंसा की है। नेशनल असेंबली में भाषण के दौरान उन्होंने कहा कि,भारत एक महाशक्ति बनने का सपना देख रहा है, जबकि हम दिवालियापन से बचने के लिए भीख मांग रहे हैं। इसके लिए कौन जिम्मेदार है? उन्होंने आगे पाकिस्तान की दुर्दशा के लिए कुछ लोगों को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि ये कौन है उन लोगों का नाम उन्होंने नहीं लिया। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने निर्वाचित अधिकारियों को महज कठपुतली बना दिया है। उन्होंने कहा कि दीवारों के पीछे कुछ शक्तियां हैं जो हमें नियंत्रित कर रही हैं और वे निर्णय लेती हैं जबकि हम सिर्फ कठपुतली हैं।

मौलाना फजलुर रहमान ने आगे आरोप लगाया,ष्सरकारें महलों में बनती हैं और नौकरशाह तय करते हैं कि प्रधानमंत्री कौन होगा। मौलाना फजल ने सवाल किया, कब तक हम समझौता करते रहेंगे? कब तक हम सांसदों को चुने जाने के लिए बाहरी ताकतों से मदद मांगते रहेंगे। उन्होंने 2018 और 2024 दोनों चुनावों में चुनावी धांधली की निंदा की। उन्होंने सवाल किया, इस सभा (संसद) में बैठते समय हमारी अंतरात्मा कैसे साफ हो सकती है, क्योंकि हारने वाले और जीतने वाले दोनों संतुष्ट नहीं हैं। इसके अलावा, रहमान ने लोकतांत्रिक अधिकारों के महत्व को रेखांकित करते हुए पीटीआई को सार्वजनिक सभा आयोजित करने की अनुमति देने की वकालत की। वहीं उन्होंने 2 मई और 9 मई को कराची और पेशावर में मिलियन मार्च की योजना की घोषणा की।

### इमरान खान की रिहाई के लिए पीटीआई ने किया ट्रेन मार्च

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पीटीआई के नेताओं ने सुक्कूर में ट्रेन मार्च का आयोजन किया। पार्टी ने अपने संस्थापक एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई के साथ ही छीने गए जनादेश की बहाली के लिए संघर्ष तेज करने पर जोर दिया है। सैकड़ों पीटीआई कार्यकर्ता और समर्थक ट्रेन मार्च में शामिल होने के लिए कराची, हैदराबाद, मीरपुरखास, नवाबशाह और मार्ग में पड़ने वाले सभी स्टेशनों से अवाम एक्सप्रेस में सवार हुए। सैकड़ों अन्य हर स्टेशन पर मार्च का स्वागत करने के लिए खड़े थे। ट्रेन मार्च में पुरुष एवं महिलाएं भाग ले रही हैं। लांधी स्टेशन से सुबह ट्रेन में सभी सवार हुए। ट्रेन रवाना होने से पहले मार्च में भाग ले रहे लोगों को संबोधित करते हुए पीटीआई नेता बैरिस्टर शोएब शाहीन एवं सिंध चैप्टर के अध्यक्ष हलीम आदिल शेख ने इस बात पर जोर दिया कि लक्ष्य हासिल होने तक उनका देशव्यापी संघर्ष जारी रहेगा।

**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# इस साल की शुरुआत में ही सौ से ज्यादा अग्निकांड

**नुकसान**

## चार महीनों में 106 आग हादसों में जलकर राख हुई तीन करोड़ की संपत्ति

**संवाददाता**

हल्द्वानी। बढ़ता तापमान और बदलता मौसम आग हादसों के मामलों को बढ़ाता जा रहा है। यही वजह है कि एक जनवरी 2024 से लेकर 26 अप्रैल 2024 के बीच ही नैनीताल जिले में आबादी के बीच आग की 106 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन चार महीनों में जहां लोगों की तीन करोड़ की संपत्ति जलकर राख हो गई। वहीं दमकल विभाग की सक्रियता से 12 करोड़ की संपत्ति को बचाया जा सका। इन्हीं चार महीनों में जंगल में आग लगने की 70 घटनाओं में दमकल टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।

साल 2023 में नैनीताल जिले के दमकल रिकॉर्ड में आग की 255 घटनाएं दर्ज हुई थीं। इनमें सर्वाधिक 140 हादसे हल्द्वानी, 66 मामले रामनगर और 49 मल्लीताल में सामने आए थे। वहीं साल 2024 के शुरुआती चार महीनों में ही 106 आग के हादसे दर्ज हो चुके हैं।

### धीरे-धीरे आबादी की ओर बढ़ रही जंगलों की आग

जंगलों की आग धीरे–धीरे आबादी की ओर बढ़ रही है। इससे ग्रामीण दहशत में हैं। लोहाघाट–घाट एनएच में मरोड़ाखान और भारतोली से नीचे दो जगहों पर ऑलवेदर रोड की सुरक्षा को लगाए जाल का मैट भी जल गया। आग लगने से पहाड़ी से पत्थरों के गिरने का सिलसिला जारी है। इससे एनएच में चल रहे वाहनों को खतरा होने लगा है। कर्मचारियों व अधिकारियों को चौबीस घंटे फील्ड में रहने के निर्देश दिए गए हैं। बेहद जरूरी ना होने पर सभी की छुट्टियों पर रोक लगाई गई है। कंट्रोल बर्निंग सहित तमाम सुरक्षा उपाए किए जा रहे हैं। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में अधिक से अधिक फायर वाचर की तैनात करने के साथ ही पीआरडी व होमगार्ड तैनात करने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिए।

इनमें हल्द्वानी शहर में 80, रामनगर में 19 और मल्लीताल में अभी तक 7 आग की घटनाएं हुई हैं। साल 2023 में हुई आग की घटनाओं में 6,32,85,245 रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई थी। इस साल जनवरी से अप्रैल के बीच ही तीन करोड़ की संपत्ति का नुकसान हो चुका है। हर दिन बढ़ते आंकड़ों को देख दमकल विभाग की चिंताएं भी बढ़ गई हैं।

आगामी मई और जून के महीनों में दमकल विभाग का हाईअलर्ट जारी हो चुका है। वहीं मौसम वैज्ञानिक भी बढ़ती गर्मी से चिंतित हैं। मौसम विभाग रोज दमकल अधिकारियों को मौसम से जुड़ी जानकारियां साझा कर रहा है। ताकि समय रहते अधिकारी अपनी टीमों को सक्रिय कर सकें।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार का कहना है कि बढ़ती गर्मी और मौसम में बदलाव की वजह से अभी तक 106 आग हादसों की बात सामने आई है। अभी तक दमकल विभाग 12 करोड़ की संपत्ति नष्ट होने से बचा चुका है। हमारी टीमें लगातार सक्रिय हैं। आगामी दो महीने अभी और चिंताजनक हैं। इसके लिए भी हम पूरी तरह तैयार हैं।

उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में बीते दिन भी जंगल आग से धधकते रहे। इससे वन संपदा को नुकसान पहुंचने के साथ ही जनजीवन और यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्रों में धुंध छा गई है।

वन विभाग के अनुसार, 24 घंटे के भीतर राज्य में 47 जगह जंगल की आग की घटनाएं दर्ज की गईं। बागेश्वर में जंगल में आग लगाने के आरोप में एक युवक को जेल भेजा गया है जबकि दो नाबालिगों को बाल सुधार गृह भेजा गया है।

## न्यूज डायरी :

### बालावाला में शराब के ठेके के विरोध में उतरी कांग्रेस

**संवाददाता** देहरादून। बालावाला के भगवानदास चौक के समीप शराब का ठेका खोलने के विरोध में कांग्रेस भी उतर गई है। पार्टी कार्यकर्ता मंगलवार को इस संबंध में आबकारी विभाग के अधिकारियों से मिले। उधर, ठेके के विरोध में स्थानीय महिलाओं ने धरना भी जारी रखा है। कांग्रेस प्रदेश महासचिव कवींद्र इष्टवाल सुबह पहले धरना स्थल पर पहुंचे और धरना दे रहीं महिलाओं को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार 2025 तक देवभूमि को ड्रग्स फ्री और नशा मुक्त करने का संकल्प दोहरा रही है। वहीं, दूसरी ओर मोहल्ले–मोहल्ले में शराब के ठेके खोलने का काम जारी है। चेतावनी दी कि भगवानदास चौक पर किसी भी स्थिति में शराब का ठेका नहीं खुलने दिया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। इसके बाद उन्होंने आबकारी विभाग के आयुक्त से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भगवानदास चौक के आसपास घनी आवासीय कॉलोनियां और स्कूल हैं। ऐसे में यहां शराब के ठेके से माहौल खराब होगा और आपराधिक गतिविधियां बढ़ेंगी।

### जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स हल्द्वानी में आयोजित करेगी मेगा सर्विस कैंप

**संवाददाता** हल्द्वानी। जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स अपने बेहद सफल मेगा सर्विस कैंप को उत्तराखंड के हल्द्वानी में पेश करने के लिए तैयार है। विभिन्न राज्यों में सर्विस कैंप के पहले चरण की सफलता के बाद, सर्विस कैंप के दूसरे चरण का और अधिक शहरों में विस्तार किया जाएगा। इस कैंप का आयोजन हल्द्वानी में, विशेष रूप से इस क्षेत्र के 2019 और 2020 मॉडल के जावा मोटरसाइकिल मालिकों के लिए 3 मई से 4 मई तक होगा। सर्विस कैंप अपर क्रस्ट मोटर – होटल प्रेम टावर कॉम्प्लेक्स, सुशीला तिवारी अस्पताल एवं मेडिकल रिसर्च सेंटर के पास, मानपुर उत्तर, रामबाग रामपुर रोड, हल्दवानी–263139 में आयोजित होगा।

### एचडीएफसी बैंक के पेजैप ऐप को सेलेंट मॉडल बैंक का पुरस्कार मिला

**संवाददाता** देहरादून। एचडीएफसी बैंक के मोबाइल ऐप पेजैप को सेलेंट मॉडल बैंक अवार्ड मिला है। एचडीएफसी बैंक के पेजैप को यह अवार्ड्स पेमेंट इनोवेशन की श्रेणियों में सेलेंट मॉडल बैंक पुरस्कार समारोह में प्रदान किए गए। सेलेंट का वार्षिक मॉडल बैंक पुरस्कार बैंकिंग में प्रौद्योगिकी के उपयोग में सर्वोत्तम प्रथाओं का जश्न मनाता है और उन्हें स्वीकार करता है। पेजैप दुनिया भर के 36 देशों के 140प्लस नामांकनों में से चुने गए 19 विजेताओं में से एक है। इस अत्यधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए निर्णायक मानदंडों में स्पष्ट व्यावसायिक लाभ, उद्योग के सापेक्ष नवाचार का स्तर और प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता शामिल हैं।

## गोविंदगढ़ में 15 झोपड़ियों में आग लगने का सीएम ने लिया संज्ञान

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून के गोविंदगढ़ में स्थित बस्ती में 15 झोपड़ियों में आग लगने से नुकसान होने के मामले का मुख्यमंत्री धामी ने संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी देहरादून को पीड़ितों की यथासंभव सहायता के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि आज मौके पर 40 राशन के बैग भेजे जा रहे हैं। साथ ही जो भी अन्य सहायता अपेक्षित होगी जिला प्रशासन के स्तर से की जायेगी।

देहरादून के गोविंदगढ़ में एक प्लाट में बनी कई झोपड़ियों में सोमवार को आग लग गयी थी, जिससे पूरा सामान जलकर राख हो गया। इनमें 15 झोपड़ियां पूरी तरह से जल गई थी।

- ■जिलाधिकारी को यथासंभव मदद उपलब्ध कराने के दिये सीएम ने निर्देश
- ■जिलाधिकारी ने 40 पैकेट राशन मौके पर भेजा, और भी की जाएगी मदद

इस मामले का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तत्काल संज्ञान लिया है। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि इस घटना के पीड़ितों की यथासंभव मदद की जाए। तत्क्रम में जिलाधिकारी की ओर से गोविंदगढ़ में प्रभावित लोगों को 40 पैकेट राशन के भेजे जा रहे हैं। इसके अलावा पीड़ितों की हर संभव मदद जिला प्रशासन के स्तर से की जाएगी।




### वर्क ने गर्मी से राहत दिलाने के लिए जीरा कोल्ड ड्रिंक बांटे

**संवाददाता** देहरादून। वर्ड ऑर्गेनाइजेशन रिलिज न एंड नॉलेज (वर्क )के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को गर्मी से राहत दिलाने के लिए आईएसबीटी पर सभी लोगों को जीरा कोल्ड ड्रिंक बांटने का काम किया साथ ही उन्होंने सभी धर्म ग्रंथो के जिनमे भाईचारे ,एकता,मानवता और शांति का संदेश है। उन सभी धर्म ग्रंथो के संदेशो से लिखे पंपलेट को लोगों को बांटा और कहा कि हम सबको मिलजुल करके रहना चाहिए। एक दूसरे की दिल से सेवा भाव करनी चाहिए और समय–समय पर लोगों की मदद करते रहना चाहिए। यही मानवता सिखाती है और हिंदुस्तान में भाईचारा एकता मोहब्बत जब आम होगी तभी भारत अखंड बनेगा और अखंड भारत की तस्वीर को हम जल्द देखेंगे और हमारा भारत विश्व गुरु बनकर उभरेगा। इस कार्य को लोगों ने सराहा व खुशी का इजहार करते हुए धन्यवाद दिया।

## हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में युवाओं ने बड़ी सफलता हासिल की

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड विद्यालय शिक्षा बोर्ड में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में जनपद के युवाओं ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए प्रदेश की मैरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। इंटरमीडिएट में 14 एवं हाईस्कूल में 13 छात्र–छात्राओं ने मैरिट में जगह बनाई है। जनपद के छात्र–छात्राओं की इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी सौरभ गहरवार सहित मुख्य शिक्षा अधिकारी ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।
प्रदेश के पासिंग प्रतिशत की बात की जाए तो इंटरमीडिएट में मंडल स्तर पर 90.58 फीसद के साथ जनपद पहले एवं प्रांत स्तर पर तीसरे स्थान पर रहा है। वहीं हाईस्कूल में 90.09 पासिंग प्रतिशत के साथ मंडल स्तर पर दूसरे एवं प्रांत स्तर पर सातवें नंबर पर जगह बनाई है। पिछले वर्ष के मुकाबले इंटरमीडिएट के परीक्षा प्रतिशत में चार फीसद का उछाल आया है, जहां वर्ष 2022–23 में पासिंग प्रतिशत 86. 79 था जो इस वर्ष यह बढकर 90.58 फीसद हो गया है। वहीं हाईस्कूल में पासिंग प्रतिशत एक फीसद घट गया है, जहां वर्ष 2022–23 में पासिंग प्रतिशत 91.67 था वह इस वर्ष 90.09 पर आ गया है।

**इंटरमीडिएट में 14 एवं हाईस्कूल में 13 छात्र–छात्राओं ने मैरिट में बनाई जगह**

मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेन्द्र बिष्ट ने बताया कि इंटरमीडिएट में एपिक जवाहरनगर के अंशुल नेगी ने 97 फीसदी अंक हासिल कर पहला, लाटा बाबा इंटरमीडिएट कॉलेज शीशों के अभिषेक 95.40 फीसद अंक हासिल कर दूसरा, जबकि एपिक जवाहरनगर की अंशिका नेगी ने 95 फीसदी अंक हासिल कर जनपद में तीसरा स्थान हासिल किया है। हाईस्कूल में जनता हाईस्कूल मणिपुर चाका के शिवम मलेठा ने 99.60 प्रतिशत हासिल कर जनपद में पहला स्थान हासिल किया है। दूसरे स्थान पर लाटा बाबा इंटरमीडिएट कॉलेज शीशों के मनमोहन सिंह ने 98 जबकि अतुल मॉडल पब्लिक हाईस्कूल, तिलवाड़ा के वैभव नेगी ने 97.20 फीसदी अंक हासिल कर जनपद में तीसरा स्थान हासिल किया है।

### मतदाता सूची में लापरवाही बरतने वालों पर हो कार्रवाई

**संवाददाता** देहरादून। सीपीआईएम के राज्य सचिव राजेंद्र सिंह नेगी ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र सौंपकर मतदाता सूची में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में निर्वाचन कार्यालय की ओर से जारी सूची में भारी अनियमितताओं के चलते कई मतदाता वोट नहीं दे पाए। इसके अलावा उन्होंने राज्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र भेजकर मांग की है कि निकाय चुनाव को लेकर जारी की गई मतदाता सूची में जो खामियां हैं, उन्हें दूर करवाया जाए। उन्होंने रजिस्ट्रीकरण कार्यालयों की भूमिको असंतोषजनक बताते हुए जांच की मांग की है।



*लक्ष्मी की चोरी हो सकती है लेकिन सरस्वती की नही, इसलिए अपनी औलादों को शिक्षित बनाये धनवान नहीं। –अज्ञात*

विचार-प्रवाह
देहरादून, बुधवार, 1 मई 2024
पेज थ्री
www.page3news.in

# रेवड़ी कल्चर से परहेज

**मुफ्त एलानों को घोषणापत्र का अहम हिस्सा बनाने का ट्रेंड कुछ टूटता हुआ दिख रहा है। पिछले कुछ समय से जोर पकड़ रहे इस ट्रेंड को इकॉनमी के एक्सपर्ट्स तो खतरनाक बता ही रहे थे, खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकाधिक मौकों पर इससे आगाह किया था।**

गुलशन राय खत्री।।

आगामी आम चुनावों के लिए जारी सत्तारूढ़ बीजेपी का घोषणापत्र इस मायने में आश्वस्त करने वाला कहा जाएगा कि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की लुभावनी घोषणाओं से प्रभावित हुए बगैर इसने विकास योजनाओं पर अपना जोर बनाए रखा है। इसमें सरकार के अब तक के काम और मोदी की विश्वसनीयता पर पार्टी का सबसे ज्यादा भरोसा दिखता है।

यह राहत की बात है कि मुफ्त एलानों को घोषणापत्र का अहम हिस्सा बनाने का ट्रेंड कुछ टूटता हुआ दिख रहा है। पिछले कुछ समय से जोर पकड़ रहे इस ट्रेंड को इकॉनमी के एक्सपर्ट्स तो खतरनाक बता ही रहे थे, खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकाधिक मौकों पर इससे आगाह किया था। दिलचस्प है कि कुछ विधानसभा चुनावों में बीजेपी भी इस मामले में फिसलती दिखी थी। लेकिन इस बार पार्टी ने कड़ा रुख दिखाया। हालांकि इसी वजह से उसे कांग्रेस का यह आरोप भी झेलना पड़ा है कि उसके घोषणापत्र में गरीबों के लिए कुछ नहीं है।



मुफ्त राशन योजना पांच साल जारी रखने की गारंटी जरूर दी गई है, लेकिन इसके अलावा पार्टी घोषणापत्र मुख्यतः सुधार कार्यक्रम और विकास योजनाएं जारी रखते हुए 2047 तक देश को विकसित राष्ट्रों में शामिल करने के संकल्प की ही बात करता है। ज्यादा IIT,IIM और AIIMS बनाने, सस्ता आवास मुहैया कराने और 70 साल से ऊपर के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान के दायरे में लाने जैसी बातें, जो नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के पार्टी के संकल्प को रेखांकित करती हैं। रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भरता पर जोर इस घोषणापत्र की एक खास बात है। इसके तहत मिलिट्री थिएटर कमान स्थापित करने और चीन, पाकिस्तान, म्यांमार सीमाओं पर इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट की बात कही गई है। घोषणापत्र से संकेत मिलता है कि दुनिया में भारत की साख मजबूत करने वाली मौजूदा सरकार की छवि पर पार्टी को भरोसा है और मतदाताओं को रिझाने की कोशिश में वह इसका इस्तेमाल करना चाहेगी।

पार्टी के पुराने वादों की बात की जाए तो इसमें नागरिकता संशोधन कानून और समान आचार संहिता के साथ ही एक देश एक चुनाव का जिक्र प्रमुखता से किया गया है। एक अहम तथ्य यह है कि इस बार नैशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजंस का कोई उल्लेख नहीं है। ध्यान रहे, CAA को आम तौर पर एनआरसी से जोड़कर देखा जा रहा था और इसके व्यापक विरोध का यह एक बड़ा कारण माना गया था।

कुल मिलाकर यह 'संकल्पपत्र' बताता है कि पार्टी ने पीएम मोदी के काम, उनकी छवि और अगले दो–ढाई दशकों के लिए देशवासियों को दिखाए उनके सपनों पर भरोसा किया है। यह भरोसा कितना कारगर है यह तो चुनाव नतीजों से साबित होगा, लेकिन फिलहाल इसे बीजेपी के आत्मविश्वास का संकेत जरूर माना जा सकता है।

## सन्तान की उत्पत्ति

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** विश्वामित्र के इतना कहने पर राम ने कहा, "गे भगवन्! जब गंगा को देवता लोग सुरलोक ले गये तो वह पृथ्वी पर कैसे अवतरित हुई और गंगा को त्रिपथगा क्यों कहते हैं?" इस पर ऋषि विश्वामित्र ने बताया, "महादेव जी का विवाह तो उमा के साथ हो गया था किन्तु सौ वर्ष तक भी उनके किसी सन्तान की उत्पत्ति नहीं हुई। एक बार महादेव जी के मन में सन्तान उत्पन्न करने का विचार आया। जब उनके इस विचार की सूचना ब्रह्मा जी सहित देवताओं को मिली तो वे विचार करने लगे कि शिव जी के सन्तान के तेज को कौन सम्भाल सकेगा? उन्होंने अपनी इस शंका को शिव जी के सम्मुख प्रस्तुत किया। उनके कहने पर अग्नि ने यह भार ग्रहण किया और परिणामस्वरूप अग्नि के समान महान तेजस्वी स्वामी कार्तिकेय का जन्म हुआ।

# संपादकीय

## दुष्प्रचार की काट

बीजेपी के आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार, बीजेपी पश्चिमी दुनिया में भारत और बीजेपी की पॉजिटिव और सही छवि पेश करने और विरोधियों के दुष्प्रचार से उपजे भ्रम को दूर करने का प्रयास कर रहा है। बीजेपी दुनिया भर में भारत और छत्प् के हितों को बढ़ावा देने का काम करता है।' पार्टी की वैश्विक छवि को बेहतर बनाने के लिए बीजेपी का विदेशी नेटवर्क अपने कार्यक्रम तो चलाता ही है, उसके साथ ही अनिवासी भारतीयों और भारतीय मूल के लोग जिन समस्याओं और परेशानियों से जूझ रहे होते हैं, उन्हें दूर करने की भी कोशिश करता रहता है। इस सिलसिले में सबंधित लोगों और अधिकारियों की वर्चुअल बैठकें भी समय–समय पर कराई जाती रहती हैं। बीजेपी इकाइयां जिन देशों में भी हैं, वहां के नियमों और कानूनों के दायरे में ही काम करती हैं। कुछ देशों में बीजेपी के कई चैप्टर हैं, जो अलग–अलग क्षेत्रों में एक–दूसरे से स्वतंत्र रूप में काम करते हैं। लेकिन ज्यादातर देशों में ये केंद्रीकृत संगठन के रूप मे काम करते हैं। बीजेपी के दिन–प्रतिदिन के कार्य करने वाले पदाधिकारी फंड जुटाने और अजेंडा तय करने के लिए भारत में पार्टी नेतृत्व से नियमित संपर्क में रहते हैं।

लोगों को लगता है कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने दुनिया में भारत की छवि को सुधारने का काम किया है। इससे अंदाजा मिलता है कि विदेश में रहने वाले भारतीयों के बीच बीजेपी का ऐसा व्यापक समर्थन क्यों है।

# भारत की छवि

अलका धुपकर।।

जहां बीजेपी ने आगामी चुनावों में सहयोगी दलों के साथ 400 सीटें पार करने का बड़ा लक्ष्य तय किया है, वहीं 25 देशों में फैली पार्टी की अंतरराष्ट्रीय इकाइयां भी इसमें मदद करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी कहलाने वाली ये इकाइयां न केवल अलग–अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं बल्कि सोशल मीडिया पर अपनी सक्रिय मौजूदगी भी बनाए हुए हैं। इन इकाइयों ने प्रचार अभियान की रणनीति के तहत भारत के अपने मित्रों–परिजनों से संपर्क बनाए रखने के लिए वट्सऐप ग्रुप भी बनाए हैं। फिलहाल 3.21 करोड़ भारतीय विदेश में बसे हुए हैं। इनमें से 1.34 करोड़ NRI हैं और 1.86 करोड़ यानी भारतीय मूल के व्यक्ति। NRI को भारत में मतदान का अधिकार है। एनआरआई की संख्या सबसे ज्यादा (34 लाख) संयुक्त अरब अमीरात में है। उसके बाद है सऊदी अरब (26 लाख) में और फिर अमेरिका (12.8 लाख) का नंबर आता है।

पिछले 10 वर्षों में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 बार संयुक्त अरब अमीरात का दौरा कर चुके हैं। 15 फरवरी को, पीएम ने अबू धाबी के जायद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में भारतीय प्रवासियों की एक सभा को संबोधित किया। 2023



सीएसडी–लोकनीति सर्वेक्षण से पता चला कि 49.1 प्रतिशत लोगों को लगता है कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने दुनिया में भारत की छवि को सुधारने का काम किया है। इससे अंदाजा मिलता है कि विदेश में रहने वाले भारतीयों के बीच बीजेपी का ऐसा व्यापक समर्थन क्यों है।

बीजेपी का गठन 1991 में हुआ था। शुरू में इसके चैप्टर मुख्य रूप से अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा में उभरे, लेकिन अब संयुक्त अरब अमीरात और अन्य देशों में भी इसकी प्रभावशाली मौजूदगी है। 2004 में अमेरिका से भारतीय मूल के 20 लोग बीजेपी के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के लिए प्रचार करने भारत आए थे। हालांकि, बीजेपी के नेतृत्व वाला एनडीए चुनाव हार गया और कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूपीए सत्ता में आया। इस बार आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 3,000 से ज्यादा स्वयंसेवकों के भारत आने की संभावना बताई जा रही है। 31.8 लाख के साथ अमेरिका पीआईओ की सूची में सबसे ऊपर है। इसके बाद मलेशिया और म्यांमार है, जहां क्रमशः 27.6 लाख और 20 लाख भारतीय मूल के लोग रहते हैं।

बीजेपी के योगदान को सही ढंग से समझना है तो याद करना बेहतर होगा कि 2014 से पहले मोदी को 2002 के गुजरात दंगों से संबंधित आरोपों के कारण अमेरिका ने वीजा देने से इनकार कर दिया था। लेकिन 2014 में मोदी के पीएम बनने के बाद ठश्रच के विदेश में रहने वाले समर्थकों ने उनकी वैश्विक छवि बदलने के लिए कड़ी मेहनत की है। हाल में 'ग्लोबल भारत' ब्रैंड एंबेसडर और व्ठश्रच के पूर्व संयोजक विजय जॉली ने दक्षिण अमेरिकी देशों का दौरा किया, जहां उन्होंने विभिन्न वैश्विक नेताओं को राम मंदिर की प्रतिकृतियां भेंट कीं और भारतीय प्रवासियों से जुड़े। इसी 18 मार्च को, सिलिकॉन वैली में भारतीय–अमेरिकी तकनीकी पेशेवरों ने पीएम मोदी की लोकसभा चुनाव में जीत के लिए एक मंदिर में हवन का आयोजन किया। जो लोग भारत नहीं जा सकते वे वहीं से अपने परिजनों और दोस्तों को मनाने की कोशिश कर रहे हैं कि वोट बीजेपी को ही दें।

### सूडोकू नवताल-5321

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू नवताल -5320 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## अपना ब्लॉग

### जागरूकता अभियान

**मोहन।** अन्य देशों में भी इसी तरह के अभियान चल रहे हैं। 16 मार्च को, ब्रिटेन के नॉर्थोल्ट में कच्छ लेवा पाटीदार समाज परिसर से पीएम मोदी के प्रति एकजुटता और समर्थन दिखाने के लिए एक कार रैली शुरू हुई। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच यह रैली नीसडेन के स्वामीनारायण मंदिर में समाप्त हुई। इसी तरह, बीजेपी के पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया चैप्टर ने 16 मार्च को स्वयंसेवकों का सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें भारत के विकास के बारे में तथ्य और आंकड़े प्रस्तुत किए गए। सम्मेलन में शामिल स्वयंसेवकों से कहा गया कि ये तथ्य लोगों से साझा करें। उसी दिन, बीजेपी ऑस्ट्रेलिया के पंजाब चौप्टर ने राज्य में मोदी सरकार की विकास पहलों पर ठश्रच नेता सुभाष शर्मा के साथ एक वर्चुअल सेशन आयोजित किया। बीजेपी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनथी श्रीनिवासन ने 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बीजेपी ऑस्ट्रेलिया कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और मोदी सरकार द्वारा चलाए जा रहे महिला सशक्तीकरण अभियानों की जानकारी साझा की।






## अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग हो रही शुरू

फिल्म जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू होने जा रही है, जिसमें एक बार फिर से अक्षय कुमार और अशरद वारसी की जोड़ी लोगों को गुदगुदाने वाली है। जॉली एलएलबी और जॉली एलएलबी 2, दोनों ही फिल्में लोगों को खूब पसंद आई थी। कोर्ट ड्रामा फिल्म श्जॉली एलएलबीश और जॉली एलएलबी 2 को मिली शानदार सफलता के बाद अब इसकी तीसरी सीरीज जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। वहीं अरशद वारसी ने ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पहुंचकर अपनी इस फिल्म के लिए दुआ भी मांगी है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग ख्वाजा की नगरी अजमेर में की जाएगी। बताया जा रहा है कि अक्षय कुमार और अशरद वारसी अपनी इस नई फिल्म के सिलसिले में जल्द ही अजमेर में दलीलें देते नजर आएंगे। इस फिल्म के लिए अजमेर मंडल रेल कार्यालय में से बनाया गया है और अरशद यहां पहुंच चुके हैं। बता दें कि अजमेर के मंडल रेल कार्यालय में जॉली एलएलबी–3 की शूटिंग को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है। रेलवे ने 13 मई तक फिल्म प्रोडक्शन कंपनी को इसे किराए पर दिया है, जहां दिल्ली सेशन कोर्ट का सीन फिल्माया जाएगा। प्रोडक्शन टीम के लोग शूटिंग की तैयारी में जोर–शोर से जुटे हैं। इस फिल्म की शूटिंग अजमेर सहित मसूदा के देवमाली व अन्य जगहों पर होने की उम्मीद है। कहा जा रहा है कि जॉली एलएलबी 3 फिल्म अजमेर के डीआरएम ऑफिस में 30 अप्रैल से शुरू होगी।

## इरफान ने कहा था– भगवान शिव के नाम का रखना चाहता हूं व्रत

29 अप्रैल, 2020 ये वही तारीख है, जिस हिन हमने एक्टर इरफान को हमेशा–हमेशा के लिए खो दिया था। उन्होंने 53 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। लेकिन कोई उन्हें भूला नहीं और शायद ही कभी उनकी यादें जहन से जाएंगी। उन्होंने अपने अभिनय, अपनी सादगी और अपने व्यवहार से लोगों के बीच अपनी अमिट छाप छोड़ी है, जो कभी धुंधली नहीं होगी। उन्होंने तो भगवान शिव के दिन यानी सोमवार का व्रत करने का भी फैसला कर लिया था। साथ ही वह पूरी तरह से आध्यात्म से जुड़ने के बारे में भी सोच रहे थे। साथ ही नाम के पीछे से खान भी हटा लिया था। इरफान खान ने सुतारा सिकंदर से 23 फरवरी, 1995 को शादी की थी। दोनों नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा यानी छैक में एक नाटक के दौरान मिले थे। बाद में इन्हें प्यार हुआ और फिर कोर्ट मैरिज कर ली। हालांकि प्यार और शादी के बीच ये दोनों लिव–इन में रहते थे। फिर वह प्रेग्नेंट भी हो गईं। एक्टर तो सुतापा के लिए धर्म बदलने के लिए भी तैयार थे।

## सलमान खान ने बहुतों को मौका दिया और मुझे भी दिया



दो फिल्मों से ही बॉलिवुड में अपनी पहचान बनाने वाले ऐक्टर आयुष शर्मा इस बार भी ऐक्शन, ड्रामा से भरपूर फिल्म श्रुसलानश में नजर आने वाले हैं। इन दिनों वह अपनी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसी सिलसिले में बीते दिनों वह शहर आए, जहां पर उन्होंने अपनी ऐक्टिंग प्रोजेक्ट व करियर के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने सलमान खान से मनमुटाव होने की खबरों को निराधार बताया। साथ ही अपनी पहचान बनाने की बात भी कही।मोहम्मद फाजिल से हुई बातचीत में एक्टर ने अपने करियर, परिवार और सलमान खान के साथ अपनी बॉन्डिंग पर दिल खोलकर बातें की। सलमान खान ने बहुतों को मौका दिया। मुझे भी दिया। उसका फायदा उठाना हमारा काम है। यह बात सही है कि एक बड़े पेड़ के नीचे अगर कोई छोटा पौधा है तो उसको धूप तो कम मिलेगी ही। अगर धूप चाहिए तो आपको उस पेड़ से थोड़ा दूर जाना होगा, तभी धूप मिलेगी और तभी आप पनप पाएंगे। ऐसा नहीं है कि मैं उनसे अलग होना चाहता हूं। दिल से मैं उनके साथ हमेशा जुड़ा हूं। हां, यह है कि अब मैं अपनी अलग पहचान बनाने की कोशिश कर रहा हूं, ताकि अपना काम करूं और अपने नाम से जाना जाऊं।

# काश! मां–बाप को और वक्त दिया होता...



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)


बॉलीवुड के ही–मैन धर्मेंद्र 88 साल की उम्र में बड़े एक्टिव हैं। वह मुंबई शहर से दूर लोनावला में अपने फार्महाउस पर ही रहते हैं। इस उम्र में भी उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ गजब का कनेक्शन बना रखा है। वह अक्सर वीडियोज और फोटोज के साथ नई–पुरानी यादें शेयर करते रहते हैं। अब उन्होंने एक दिल छू लेने वाला पोस्ट शेयर किया है। धर्मेंद्र ने रविवार आधी रात को दिवंगत पिता केवल किशन सिंह देओल के साथ एक फोटो शेयर की है, जिसमें उन दोनों के अलावा सनी देओल भी नजर आ रहे हैं। धर्मेंद्र अपने दौर के सबसे बड़े सुपरस्टार रहे हैं। जाहिर तौर पर इस कारण वह परिवार के साथ कम समय बिता पाए। अब उन्हें माता–पिता संग अधिक समय नहीं बिता पाने का अफसोस है। धर्मेंद्र ने पिता केवल किशन सिंह देओल के साथ फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, काश! मां–बाप को और वक्त दिया होता!

**फैन ने धर्मेंद्र से पूछा- माता-पिता को कैसे खुश रखें?**

धर्मेंद्र की इस तस्वीर पर एक रिएक्ट करते हुए एक फैन ने पूछा कि कोई अपने माता–पिता को कैसे खुश रख सकता है? इस पर शोले के वीरू ने कहा, उनके साथ वैसा ही व्यवहार करें जैसा आप अपने बच्चों के साथ करते हैं... यदि आपके बच्चे नहीं हैं... तो उनके प्यारे बच्चे बनें।

**फैन ने कहा- जब वक्त बीत जाए, तभी समझ आती है बात**






एक अन्य फैन ने कॉमेंट में लिखा है, सर, यह बात तब ही क्यों समझ आती है, जब बातें बीत जाएं। एक तीसरे फैन ने लिखा है, ये बात एक दिन सबको समझ आती है, लेकिन वक्त गुजरने के बाद।

**लुधियाना में पैदा हुए थे धर्मेंद्र, मां का नाम है सतवंत कौर**

जानकारी के लिए बता दें कि धर्मेंद्र का जन्म लुधध्यिाना के साहनेवाल गांव में धर्मेंद्र केवल किशन सिंह देओल के रूप में हुआ था। 8 दिसंबर 1935 को पैदा हुए धर्मेंद्र की मां का नाम सतवंत कौर है।

**हेमा मालिनी ने ससुर के बारे में कही थी ये बातें**

धर्मेंद्र की पत्नी और दिग्गज एक्ट्रेस हेमा मालिनी ने अपनी बायोग्रफी में ससुर के बारे में बात किस्से साझा किए हैं। राम कमल मुखर्जी की लिखी किताब हेमा मालिनीः बियॉन्ड द ड्रीम गर्ल में वह कहती हैं कि उनके ससुर केवल किशन सिंह देओल उनसे और उनके परिवार से बहुत प्यार करते थे। वह अक्सर हेमा के पिता और उनके भाई से मिलने जाते थे। हेमा किताब में कहती हैं, वह मेरे पिता या भाई से अक्सर मिलते थे। साथ में चाय पीते थे। वह उनसे हाथ मिलाने की बजाय पंजा लड़ाते थे और हराने के बाद मजाक में कहते थे– तुम लोग घी–मक्खन–लस्सी खाओ, इडली और सांभर से ताकत नहीं आती। हेमा बताती हैं कि उनके ससुर जी बड़े खुशमिजाज और हंसमुख इंसान थे।

# 9 साल बाद हैप्पी पटेल से कमबैक करेंगे इमरान खान



*अक्षय कुमार अपनी नई फिल्म खेल खेल में लेकर आने की पूरी तैयारी में जुट गए हैं। इस वक्त सिनेमाघरों में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की 350 करोड़ के बजट की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां दर्शकों के लिए तरस रही है। इससे पहले अक्षय कुमार की 10 फिल्में हाल के समय में रिलीज हुईं हैं, जिनमें से 7 सुपर फ्लॉप साबित हुई हैं।*

**हैप्पी पटेल कैमियो करेंगे आमिर खान**

मशहूर एक्टर और स्टैंडअप कॉमेडियन वीर दास जहां 17 साल के एक्टिंग करियर के बाद डायरेक्टर के तौर पर नई पारी शुरू कर रहे हैं, वहीं इस फिल्म में लाल सिंह चड्ढा और जस्सी जैसी कोई नहीं फेम मोना सिंह भी प्रमुख भूमिका में होंगी। फिल्म के बाकी कास्ट को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं मिली है। जबकि लीड रोल में किस हीरोइन को कास्ट किया जाएगा, इसको भी सीक्रेट रखा गया है। दिलचस्प जानकारी यह है कि हैप्पी पटेल में आमिर खान भी कैमियो रोल में नजर आएंगे।

**जासूसी थ्रिलर वेब सीरीज से कमबैक करने वाले थे इमरान**

इससे पहले यह खबर आई थी कि इमरान खान ने ओटीटी पर वेब सीरीज के जरिए कमबैक का प्लान बनाया है। वह अब्बास टायरवाला के साथ जासीसी थ्रिलर वेब सीरीज करने वाले थे। इसमें वह इंटेलिजेंस अफसर की भूमिका में थे और यह सीरीज डिज्नीहॉटस्टार पर रिलीज होने वाली थी। इस वेब सीरीज के प्रोड्यूसर सिद्धार्थ रॉय कपूर थे। लेकिन रिलायंस इंडस्ट्रीज और वॉल्ट डिज्नी कंपनी के विलय के कारण यह प्रोजेक्ट अब ठंडे बस्ते में चला गया है।

**वेब सीरीज कैंसिल होने पर क्या बोले इमरान**

वेब सीरीज के कैंसल होने पर इमरान खान ने वैसे खुश ही नजर आ रहे हैं। उन्होंने इस बारे में बात करते हुए कहा कि वह पर्दे पर ऐसा किरदार नहीं निभाना चाहते, हर समस्या को बंदूक से सुलझाए। वैसे, गौर करें तो आमिर खान प्रोडक्शन एक के बाद एक बेहतरीन कहानियों पर काम कर रहा है। किरण राव के डायरेक्शन में बनी लापाता लेडीज जहां दर्शकों को बड़ी पसंद आई, वहीं अब आगे आरएस प्रसन्ना की सितारे जमीन पर की शूटिंग चल रही है। इस फिल्म में आमिर खान और जिनिलिया डिसूजा देशमुख हैं। इसके अलावा राजकुमार संतोषी की लाहौर 1947 पर भी काम चालू है, जिसमें सनी देओल के साथ प्रीति जिंटा हैं।

# वजन कम करने से लेकर हार्ट डिजीज से बचाने तक लौंग के फायदे

*पोषक तत्वों का पावर हाउस है और इसके सेवन से हमें कई बीमारियों से बचने में मदद मिलती है और यह आपके वेट लहस जर्नी को आसान बना सकता है। जानिए इसके हेल्थ बेनेफिट्स के बारे में यहां।*



नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार लौंग का सेवन कई गंभीर बीमारियों जैसे कि कैंसर, डायबिटीज, दांतों में दर्द और पेट का अल्सर जैसी बीमारियों से लड़ने में सहायक हो सकता है। इसका सेवन आपके लिए किस प्रकार से फायदेमंद है और क्या हेल्थ बेनेफिट्स हैं, इसके बारे में जानते हैं।

**वजन को कम करता है**
कई शक्तिशाली एंटी–ऑक्सीडेंट से भरपूर लौंग तेजी से वजन घटाने में भी सहायक हो सकते है। इसमें पाए जाना वाला यूजेनॉल एंटी–ऑक्सीडेंट, डाइटरी फाइबर और विटामिन ई, सी, के और ए पाया जाता है, जो मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है और इससे कैलोरी तेजी से बर्न होती है। इस तरह से यह फैट लॉस मददगार है।

**पेट के अल्सर में लाभदायक**
जो लोग पेट के अल्सर की समस्या से परेशान हैं, उनके लिए भी लौंग का सेवन फायदेमंद हो सकता है। लौंग में मौजूद एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण पेप्टिक अल्सर के कारण होने वाली इंफ्लेमेशन को कम करने में मदद करते हैं। इससे दर्द और सूजन में आराम मिलता है।

**नैचुरल ब्लड प्यूरीफायर**
ब्लड प्यूरीफायर का काम करता है। इसमें मौजूद एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण और एंटीऑक्सीडेंट्स हमारे रक्त को साफ और स्वस्थ बनाने में मदद कर सकते हैं।

**इम्यून सिस्टम को बनाता है मजबूत**
लौंग में मौजूद एंटी–बैक्टीरियल गुण और पाए जाने वाले कई पोषक तत्व इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में सहायक हैं।

**कैंसर से बचाता है**
लौंग में एंटी–ऑक्सीडेंट्स और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुणों के साथ एंटी–कैंसर गुण भी पाया जाता है, जो कैंसर के खिलाफ लड़ने में मददगार हो सकता है। लौंग में मौजूद एल्लागीक एसिड यौगिक कैंसर के विकास को रोकने में सहायक हो सकते हैं।

**हेल्थ के लिए फायदेमंद है**
लौंग को ओरल हेल्थ के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। लौंग का तेल मसूड़ों सम्बंधित समस्याओं के इलाज में मददगार हो सकता है, जैसे कि मुंह के छाले, दांतों की सूजन और मसूड़ों की सूजन आदि में।

# शरीर को बिगाड़ देता है धीमा मेटाबॉलिज्म, लक्षण समझने में लग जाती है देर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*कई लोग अपने बढ़ते वजन से परेशान रहते हैं और चाहकर भी अपना वजन घटा नहीं पाते हैं। उनमें थकान और कब्ज जैसे लक्षण भी नजर आते हैं। क्या ऐसे में कभी आपने ध्यान दिया कि ऐसा क्यों हो रहा है। यह सब स्लो मेटाबॉलिज्म के संकेत है। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ अपर्णा पद्मनाभन ने बताया कि मेटाबॉलिज्म आपके शरीर में खाने को ऊर्जा में बदलने का काम करती है। जब आपका मेटाबॉलिज्म स्लो होने लगता है, तो वजन बढ़ने से लेकर बहुत सी शारीरिक दिक्कतें हो सकती हैं। इसके धीमा होने पर आपका शरीर कई संकेत देते हैं, जिस पर ध्यान देना आवश्यक है।*

**बढ़ता वजन**
कुछ लोगों का वजन अचानक से बढ़ने लगता है, लोग इसका कारण नहीं समझ पाते हैं। जो स्लो मेटाबॉलिज्म के लक्षणों में से एक है। जब आपकी डाइट और खान में बिना किसी बदलाव के वजन तेजी से बढ़े, तो उसे अनदेखा नहीं करना चाहिए।

**सर्दी लगना**
स्लो मेटाबॉलिज्म के कारण शरीर में गर्मी की कमी होती है, जिसकी वजह से गर्म मौसम में भी ठंड ज्यादा लगती है। स्लो मेटाबॉलिज्म की वजह से शरीर में ऊर्जा सही मात्रा में नहीं बन पाती है, जिससे शरीर की गर्मी उत्पन्न करने की क्षमता में भी कमी हो सकती है।



**कब्ज की समस्या**
कब्ज भी स्लो मेटाबॉलिज्म का एक संकेत हो सकता है। जब आपके शरीर का मेटाबॉलिज्म धीमा होता है, तो डायजेशन भी प्रभावित हो सकता है। स्लो मेटाबॉलिज्म के कारणों में शारीरिक गतिविधियों में कमी हो सकती है, जिससे पेट में गैस और एसिडिटी का अनुभव हो सकता है।

**हेयर लॉस**
मेटाबॉलिज्म का धीमा होना आपके शरीर में पोषण की मात्रा को भी प्रभावित करता है। जिसका नकारात्मक प्रभाव आपके बालों के स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। कुछ लोगों में स्लो मेटाबॉलिज्म के कारण हेयर लॉस होता है, लेकिन लोग इसका कारण समझ नहीं पाते हैं।

**एक्सपर्ट की राय**
आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ अपर्णा पद्मनाभन ने बताया कि स्लो मेटाबॉलिज्म का सही इलाज अक्सर लोगों को मिल नहीं पाता है, जिसके कारण कई और बीमारियों का भी खतरा बढ़ता है। एक अच्छी लाइफस्टाइल से मेटाबॉलिज्म को बूस्ट किया जा सकता है। इसके अलावा बहुत से आयुर्वेदिक हर्ब्स में मेटाबॉलिज्म को फास्ट बनाने वाले गुण होते हैं।



## विटामिन–मिनरल्स से भरा देसी घी है औषधि, जबरदस्त ताकतवर बनेगा शरीर

हमारे स्वास्थ्य के लिए सभी तरह के पोषक तत्वों की जरूरत होती है। जिसमें विटामिन और कई जरूरी पोषक तत्वों के साथ फैट्स भी शामिल हैं। अक्सर लोग घी को हाई कैलोरी समझकर उससे दूर भागते हैं। लेकिन सही मात्रा में गाय के देसी घी का सेवन आपको कई स्वास्थ्य लाभ देता है। इसमें कई प्रकार के विटामिन और हेल्दी फैट्स पाए जाते हैं। घी में मौजूद फैट्स शरीर में ऊर्जा बढ़ाते हैं। एनसीबीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार देसी घी खाने से आप में कई बीमारियों का खतरा भी कम होता है। जानिए इसके रोजाना सेवन से मिलने वाले हेल्थ बेनेफिट्स के बारे में। गाय के घी में डीएचए की अधिक मात्रा पाई जाती है, जो आपकी दिमागी क्षमता को तेज बनाने के साथ आपकी आंखों की रोशनी को भी तेज करती है। डीएचए न्यूरॉन्स के स्वास्थ्य के लिए जरूरी होते हैं, जो हमारे ब्रेन फंक्शन को सही ढंग से रेगुलेट करते हैं। लिनोलिक एसिड से भरपूर देसी घी नया फैट बनाने की अपेक्षा मांसपेशियों को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसलिए आपका वजन बढ़ने का डर गलत है, बल्कि यह आपके मेटाबॉलिज्म को स्ट्रांग बनाता है। जिससे कैलोरी को तेजी से बर्न करने में मदद मिलती है। घी में मौजूद ब्यूटिरिक एसिड शरीर में बीमारियों से लड़ने वाली 'ट' कोशिकाओं का उत्पादन करने में मदद करता है।

## ब्लड प्रेशर कम होने से बढ़ता है जान जाने का खतरा

हाई ब्लड प्रेशर की तरह लो ब्लड प्रेशर भी एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। लो ब्लड प्रेशर के कारण मस्तिष्क और शरीर के दूसरे अंगों तक रक्त का प्रवाह ठीक से नहीं पहुंच पाता है, जो कि एक चिंता का विषय है। लो ब्लड प्रेशर के कारण मरीज में चक्कर आना, उल्टी, अधिक पसीना आना और और घबराहट जैसे लक्षण देखने को मिल सकते हैं। लो ब्लड प्रेशर की समस्या को अनदेखा नहीं करना चाहिए। इस पर समय रहते ध्यान देना बहुत आवश्यक है। लो ब्लड प्रेशर को हाइपोटेंशन भी कहा जाता है। इसे एक अच्छी डाइट फॉलो करके भी ठीक रख सकते हैं। आइए जानते हैं कि आप अपनी डाइट में किन चीजों को शामिल कर के इस लो ब्लड प्रेशर की समस्या से बच सकते हैं। लो ब्लड प्रेशर वालों को अपनी डाइट में सोडियम की कमी नहीं होने देनी चाहिए। सोडियम एक महत्वपूर्ण मिनरल है जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने में मदद करता है। ऐसा सिर्फ लो ब्लड प्रेशर वालों के लिए है, हाई ब्लड प्रेशर वाले सोडियम से दूरी बनाए रखें। आम का पन्ना लो ब्लड प्रेशर में काफी फायदा करता है। इसमें आप नमक और काला नमक मिलाकर पिएं आपको फायदा करेगा। ये पेट के लिए भी फायदेमंद है। इसके अलावा शरीर में पानी की कमी भी न होने दें।

## गर्मी की होगी छुट्टी, कम से कम एक बार जरूर लें



पारा रॉकेट की स्पीड से ऊपर जा रहा है। हीटवेव का खतरा लगातार बना हुआ है। ऐसे वक्त में शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाना बहुत जरूरी है। पानी की कमी से ना सिर्फ एनर्जी और ताकत कम हो जाती है बल्कि जान जाने का खतरा भी रहता है। इस मौसम में खूब पानी पीने की सलाह दी जाती है। लेकिन कई लोग बहुत ज्यादा पानी नहीं पी पाते। ऐसे लोग कुछ फूड आइटम खा सकते हैं। ये हाइड्रेशन देने के साथ पोषक तत्व भी देते हैं। जिन्हें खाने से आप पेट की गर्मी के लक्षण दूर कर सकते हैं। एसिडिटी और गैस के रोगियों को इनका सेवन जरूर करना चाहिए। न्यूट्रिशनिस्ट श्वेता पांचाल ने गर्मी में खाने वाले फूड आइटम बताए हैं। यह एक देसी फल है, जो गर्मी को पास नहीं आने देता। इस फल के गूदे में कई सारे न्यूट्रिएंट भरे होते हैं। न्यूट्रिशनिस्ट के मुताबिक ये पोषक तत्व हीट स्ट्रोक, पेचिश, डायरिया और अन्य पेट संबंधित रोगों से बचाते हैं। यह पूरे शरीर को हाइड्रेट करके एनर्जी देने का काम करता है। गर्मी के मौसम में मेलन जरूर खाने चाहिए। चाहे आप तरबूज खाएं या खरबूजा, आपके शरीर को फायदा मिलना ही है। इनमें पानी और फाइबर की भरमार होती है। शरीर को हाइड्रेशन मिलती है, साथ ही मैग्नीशियम, पोटेशियम, बी–कॉम्प्लैक्स विटामिन मिलते हैं। यह शरीर को हाइड्रेट रखने के साथ ताकतवर भी बनाते हैं।



आरसीबी की उम्मीदें जिंदा

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मौजूदा सीजन में प्रदर्शन की बात करें तो उसके प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें काफी कम हैं। हालांकि, फाफ डू प्लेसी के नेतृत्व वाली आरसीबी ने पिछले दो मैचों में लगातार जीत दर्ज करके प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा है। विराट कोहली और विल जैक्स ने मिलकर आरसीबी को पिछले मैच में गुजरात टाइटंस पर 9 विकेट की विशाल जीत दिलाई थी।

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पास आ गया अपना जसप्रीत बुमराह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के नेट बॉलर महेश कुमार अचानक चर्चा का केंद्र बने जब उनका एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। यह वीडियो बहुत जल्द वायरल हुआ। दरअसल, महेश कुमार का गेंदबाजी एक्शन भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के समान है और फैंस यह देखकर हैरान रह गए। 2022 में गुजरात टाइटंस का हिस्सा रहे महेश कुमार इस समय आरसीबी में नेट गेंदबाज की भूमिका अदा कर रहे हैं। उनका गेंदबाजी एक्शन बिलकुल जसप्रीत बुमराह की तरह है। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने महेश कुमार की जसप्रीत बुमराह के साथ तुलना की और एक से बढ़कर एक रिएक्शंस दिए। कई लोगों ने महेश कुमार के उज्जवल भविष्य की कामना की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अब तक 10 मैचों में केवल तीन जीत हासिल की। आरसीबी के लिए मौजूदा सीजन में प्रत्येक मैच एलिमिनेशन की तरह है। अगर आरसीबी को प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना है तो उसे अपने शेष चारों मैच जीतने होंगे, जिससे कि उसके कुल 14 अंक हो जाएंगे और अन्य नतीजों के समीकरणों के बाद उसके प्लेऑफ में जगह पाने के मौके बन सकते हैं।

# भारतीय कप्तान के रिकॉर्ड्स का बजता है दुनिया में डंका

**क्रिकेट**

## भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मनाया अपना 37वां जन्मदिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। शर्मा जी का बेटा, हिटमैन और ऐसे अलग–अलग नामों से मशहूर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को अपना 37वां जन्मदिन मना रहे हैं। रोहित शर्मा इस समय आईपीएल में मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। हिटमैन ने अपनी बैटिंग से दुनिया में डंका बजाया है। उन्हें दुनिया के महानतम बल्लेबाजों में से एक माना जाता है।

रोहित शर्मा से भारतीय क्रिकेट फैंस को उम्मीद है कि वो टी20 वर्ल्ड कप 2024 खिताब जीते और 2013 से चला आ रहा आईसीसी खिताब का सूखा समाप्त करें। रोहित इस साल 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की कमान संभालेंगे। रोहित




शर्मा से फैंस को बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। इन सबसे पहले रोहित शर्मा के 37वें बर्थ–डे पर उनके कुछ रिकॉर्ड्स पर नजर डालते हैं, जिसकी दुनियाभर में तूती बोलती है। भारतीय कप्तान के इन रिकॉर्ड्स को तोड़ पाना बल्लेबाजों के लिए बेहद मुश्किल है। रोहित शर्मा दुनिया के इकलौते बल्लेबाज हैं, जिन्होंने वनडे क्रिकेट में तीन दोहरे शतक जड़े हैं। रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक और श्रीलंका के खिलाफ दो डबल सेंचुरी जमाई हैं।

रोहित शर्मा अपने दमदार शॉट्स के लिए जाने जाते हैं और वह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जमाने वाले बल्लेबाज हैं। रोहित शर्मा के बाद टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जमाने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के पूर्व ओपनर मार्टिन गप्टिल के नाम दर्ज है, जिन्होंने 173 सिक्स उड़ाए हैं। रोहित शर्मा की कोशिश आगामी टी20 वर्ल्ड कप में अपने सिक्स की संख्या 200 पार पहुंचाने की होगी। रोहित शर्मा ने 2019 वनडे वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने तब टूर्नामेंट में पांच शतक जमाए थे। तब की औसत 81 जबकि स्ट्राइक रेट 98.33 का था। उन्होंने भारतीय टीम के लिए 9 मैचों में 648 रन बनाए थे।

रोहित शर्मा के नाम वनडे प्रारूप में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है। हिटमैन ने श्रीलंका के खिलाफ नवंबर 2014 में ईडन गार्डन्स पर 264 रन की पारी खेली थी।

# मैं चाहता हूं कि वो टी 20 वर्ल्ड कप का हिस्सा बने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोलकाता नाइटराइडर्स के स्वामी शाह रुख खान ने अपनी टीम के आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह को आगामी टी20 विश्व कप में भारतीय टीम में शामिल करने की अनुशंसा की। उन्होंने कहा कि मेरी व्यक्तिगत इच्छा है कि रिंकू भारतीय टीम का हिस्सा हों। साथ ही उन्होंने कहा कि वह रिंकू जैसे खिलाड़ियों में स्वयं को देखते हैं, इन्हें आगे बढ़ते देखकर बहुत खुशी होती है।

आगामी विश्व कप के लिए एक–दो दिन में भारतीय टीम की घोषणा हो सकती है, ऐसे में हर ओर खिलाड़ियों के चयन को लेकर चर्चा हो रही है। एक कार्यक्रम में चर्चा के दौरान शाह

■किंग खान ने रिंकू और नीतीश राणा की तारीफ की

रुख ने कहा, श्देश के लिए कितने अद्भुत खिलाड़ी खेल रहे हैं। मैं यही चाहता हूं कि रिंकू विश्व कप की टीम का हिस्सा हों और उनके अलावा इस सत्र में अच्छा कर रहे अन्य युवा खिलाड़ियों को भी अवसर मिले। कई खिलाड़ी हैं जो टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं, लेकिन मेरी व्यक्तिगत इच्छा यही है रिंकू टीम का हिस्सा हों, यह मेरे लिए अत्यंत खुशी का क्षण होगा।

उन्होंने आगे कहा, मैं उन्हें खुश देखना चाहता हूं। मैं जब इन लड़कों को खेलते देखता हूं, मुझे लगता है कि मैं इनमें




एक खिलाड़ी के रूप में जी रहा हूं। विशेषकर रिंकू और नीतीश जैसे खिलाड़ियों में स्वयं को देखता हूं। जब वे अच्छा करते हैं तो बहुत खुशी होती है।

## सौरव गांगुली के साथ गर्मजोशी से मिले शाहरुख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम ने अपने घर में दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हरा दिया। मैच के बाद केकेआर के मालिक सौरव गांगुली के साथ मस्ती करते हुए दिखे। सौरव गांगुली दिल्ली कैपिटल्स के कोचिंग स्टाफ के सदस्य हैं। शाहरुख खान और सौरव गांगुली की मस्ती करते हुए यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। केकेआर के मालिक शाहरुख खान सिर्फ फिल्मों में ही नहीं, रियल लाइफ के भी किंग हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले के बाद वह जिस अंदाज में सौरव गांगुली से मिले। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी वायरल हो रही है। शाहरुख खान के इस अंदाज को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। मैच के दौरान बेशक शाहरुख और सौरव गांगुली एक दूसरे के विरोधी रहे हों, लेकिन मैच के बाद सौरव गांगुली से गले लगकर शाहरुख उनसे मिले। शाहरुख खुद सौरव गांगुली के फैंस हैं।

## न्यूज डायरी



## चेपॉक में चलेगा गेंदबाजों का हंटर या बैटिंग में मचेगा कोहराम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नई। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का 49वां मैच चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमों की यह टक्कर एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगी। सीएसके की टीम अपने पिछले मुकाबले में इस मैदान पर लखनऊ सुपरजाइंट्स को हराया था। टीम के लिए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 98 रनों की पारी खेली थी, जबकि गेंदबाजी में तुषार देशपांडे ने कहर बरपाया था। ऐसे में आइए जानते हैं पंजाब और सीएसके के बीच खेले जाने वाले इस मैच के लिए कैसी होने वाली है पिच।

पंजाब की टीम सीएसके के गढ़ चेपॉक में खेलने उतरेगी। यहां की पिच गेंदबाजों के लिए खूब मददगार रहती है। मेजबान टीम ने पिछले मैच में सनराइजर्स पर 78 रन की आसान जीत दर्ज की। अगर ओस नहीं पड़े तो फिर दूसरी पारी में भी रन बनाना मुश्किल हो जाता है जैसा कि सनराइजर्स के खिलाफ देखने को मिला था। चेपॉक के कंडीशन को देखते हुए टॉस जीतने वाली टीम अधिकतर पहले गेंदबाजी करना चाहती है, लेकिन ओस नहीं होने पर यह फैसला उल्टा पड़ सकता है।

सनराइजर्स के खिलाफ मैच में सीएसके ने इस पिच पर 200 से अधिक रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके बाद कमाल की गेंदबाजी से सनराइजर्स को धराशाई कर दिया। ऐसे में पंजाब के लिए चेपॉक पर खेलना आसान नहीं होने वाला है। हालांकि, टीम ने हाल ही में टी20 क्रिकेट का सबसे विशाल लक्ष्य को चेज किया है जिससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। ऐसे में सीएसके को इस बात का भी ध्यान रखना होगा।

## पाकिस्तान में भी टी20 विश्व कप के लिए टीम को लेकर मचा हुआ बवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टी20 विश्व कप के लिए टीम के ऐलान की आखिरी तारीख 1 मई को है। भारत भी अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान 30 अप्रैल को करने जा रहा है। टीम के चयन को लेकर कप्तान और चयनकर्ताओं के बीच बैठकों का दौर जारी है। सिर्फ भारत ही नहीं, पाकिस्तान में भी टी20 विश्व कप के लिए टीम को लेकर बवाल मचा हुआ है। मोहम्मद आमिर और इमाद वसीम जैसे खिलाड़ियों की वापसी से चयनकर्ताओं की मुश्किलें बढ़ गई है। ऐसे में सबकी नजर बाबर आजम पर टिकी हुई है कि वह किस तरह की टीम के साथ विश्व कप में उतरेंगे। सभी की निगाहें पीसीबी चयन पैनल पर हैं, जिसमें मोहम्मद यूसुफ, अब्दुल रज्जाक, असद शफीक और वहाब रियाज शामिल हैं, क्योंकि टी20 विश्व कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय पाकिस्तान टीम की घोषणा अगले 36 घंटों में होने की संभावना है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम हाल ही में न्यूजीलैंड के साथ पांच टी20 मैचों की सीरीज में टकराई थी। दोनों टीमों के बीच खेला गया यह सीरीज 2–2 से बराबर रहा था। इस सीरीज के दौरान बाबर आजम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि हम बीच के ओवरों में रन नहीं बना पा रहे हैं। ऐसे में हमारी कोशिश है कि मध्यक्रम की बैटिंग मजबूत हो।

## फिल सॉल्ट ने सौरव गांगुली का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोलकाता नाइटराइडर्स ने आईपीएल 2024 के 47वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 21 गेंदें शेष रहते सात विकेट से पटखनी दी। इस जीत के साथ ही केकेआर प्लेऑफ में क्वालीफाई करने के और करीब पहुंच गई। ईडन गार्डन्स पर खेले गए मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 153 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने 16.3 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। केकेआर को आसान जीत दिलाने का श्रेय ओपनर फिल सॉल्ट को जाता है, जिन्होंने बल्ले से तबाही मचाई। फिल सॉल्ट ने दिल्ली के खिलाफ केवल 33 गेंदों में सात चौके और पांच छक्के की मदद से 68 रन बनाए। इस दौरान फिल सॉल्ट ने पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का 14 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। फिल सॉल्ट केकेआर के लिए आईपीएल सीजन में ईडन गार्डन्स पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। सॉल्ट ने मौजूदा सीजन में ईडन गार्डन्स पर 6 पारियों में 68.8 की औसत और 186 के स्ट्राइक रेट से 344 रन बनाए। फिल सॉल्ट ने सौरव गांगुली का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2010 में ईडन गार्डन्स पर सात पारियों में 331 रन बनाए थे।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### जल संस्थान के अधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक

**संवाददाता** देहरादून। जनपद में पानी के दुरूपयोग की रोकथाम के संबंध में जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने जल संस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जल संस्थान के अधिकारियों को जनपद में ग्राउण्ड वाटर की स्थिति का सर्व कराने तथा जल स्रोत के संरक्षण के लिए ठोस कार्य योजना पर कार्य करने के निर्देश दिए । साथ ही किन–किन क्षेत्रध्प्रतिष्ठानों मे पानी का दुरूपयोग हो रहा है की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य नगर अधिकारी नगर निगम वीर सिंह बुदियाल, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, अधीक्षण अभियंता नगर जल संस्थान राजीव सैनी, अधि अभि दीपक नौटियाल, सहायक अभियंता रामकुमार, अधि.अभि निर्माण खण्ड कंचन रावत सहित जल संस्थान के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बिजली दरों में बढ़ोतरी का विरोध

**संवाददाता** देहरादून। विभिन्न राजनैतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी का विरोध किया है। सचिव सीपीआईएम देहरादून अनंत आकाश ने कहा कि बिजली दरों में बढ़ोतरी से जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। उन्हें दरें बढ़ाने का निर्णय वापस लेने की मांग की है। विरोध करने वालों में सीपीआईएम के जिला सचिव राजेन्द्र पुरोहित, राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी के अध्यक्ष नवनीत गुसांई आदि शामिल हैं।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा रुमियन का नया ग्रेड पेश किया

**संवाददाता** देहरादून। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आधिकारिक तौर पर टोयोटा रुमियन के नए ग्रेड जी–एटी की बुकिंग और कीमत की घोषणा की है। साथ ही ई–सीएनजी बुकिंग भी फिर से शुरू की है। नए लॉन्च किए गए जी–एटी वैरिएंट से उम्मीद है कि यह अपने बेजोड़ स्पेस और आराम, बेहतरीन ईंधन दक्षता, स्टाइलिश और प्रीमियम एक्सटीरियर डिजाइन के साथ रुमियन की बाजार में स्वीकार्यता को और बढ़ाएगा।

### आईसीआरआई द्वारा बीबीए एविएशन मैनेजमेंट में प्रवेश के लिए अलर्ट

**संवाददाता** देहरादून। उद्योग–केंद्रित कार्यक्रमों के लिए प्रसिद्ध आईसीआरआई वर्तमान में अपने देहरादून परिसर में प्रतिष्ठित बीबीए एविएशन मैनेजमेंट कोर्स में आवेदन आमंत्रित कर रहा है। पाठ्यक्रम को गहन और व्यापक ज्ञान प्रदान करने के लिए जटिल रूप से तैयार किया गया है। बीबीए एविएशन मैनेजमेंट के साथ एविएशन की दुनिया में रखें कदम यह तीन साल का स्नातक कार्यक्रम है जिसमें कई छात्र शामिल हो सकते हैं। इस क्षेत्र में कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ रही है।

# अप्रत्याशित आपदाएं बन रही चुनौती: हसनैन

**तैयारी**

■ एनडीएमए और यूएसडीएमए की ओर से टेबल टॉप एक्सरसाइज का आयोजन



**संवाददाता**

देहरादून। जलवायु परिवर्तन के चलते अप्रत्याशित आपदाएं लगातार चुनौती बनती जा रही हैं। इनका पूर्वानुमान लगा पाना भी मुश्किल है। फरवरी 2021 में चमोली जिले में ग्लेशियर के टूटने से ऋषिगंगा में आई बाढ़ इसका उदाहरण है। ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए विभिन्न एजेंसियों को आपसी समन्वय स्थापित कर इनसे निपटने के लिए पहले से ही पुख्ता तैयारी करनी होगी। यह बात राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण यएनडीएमएद्ध के सदस्य ले. जनरल सैयद अता हसनैन (अप्रा) ने कही।

आगामी चारधाम यात्रा की आपदा प्रबंधन की दृष्टि से तैयारियों को लेकर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) की ओर से आयोजित टेबल टॉप एक्सरसाइज में ले. जनरल सैयद अता हसनैन ने कहा कि चारधाम यात्रा से जुड़े जनपदों में 02 मई 2024 को मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। इस ड्रिल का उद्देश्य चारधाम यात्रा की तैयारियों को पुख्ता करना है ताकि यात्रा में किसी तरह का व्यवधान न आए और हादसों में जान–माल के नुकसान को कम से कम किया जा सके।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में इन दिनों जंगलों की आग ने चिंताएं बढ़ा रखी हैं और एनडीएमए लगातार इन घटनाओं पर नजर बनाए हुए है और यूएसडीएमए के लगातार संपर्क में है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की चारधाम यात्रा और जम्मू–कश्मीर की अमरनाथ यात्रा प्रमुख धार्मिक यात्राएं हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि उत्तराखंड और जम्मू–कश्मीर को एक मंच पर आकर धार्मिक यात्राओं को आयोजित करने के अनुभवों को साझा करना चाहिए ताकि और अच्छे ढंग से इन यात्राओं का संचालन किया जा सके। उन्होंने आपदाओं से निपटने में उत्तराखंड सरकार और यूएसडीएमए के प्रयासों की सराहना की। कहा, जिस तरह से सिलक्यारा टनल हादसे में आपदा प्रबंधन विभाग ने कार्य किया, वह बहुत सराहनीय है।

इंडियन कोस्ट गार्ड के पूर्व डीजी तथा एनडीएमए के सदस्य राजेंद्र सिंह ने कहा कि आपदाओं से निपटने के लिए सभी विभागों के बीच आपसी सामंजस्य होना जरूरी है। चारधाम यात्रियों को सभी जरूरी जानकारियां दी जानी चाहिए। सभी संबंधित विभागों को एसओपी बनानी चाहिए ताकि उनका पालन कर तीर्थयात्री एक सुरक्षित माहौल में अपनी यात्रा कर सकें। उन्होंने तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए आपदा मित्रों की मदद लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि वे आज दिल्ली में उत्तराखंड में वनाग्नि को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक में शिरकत कर रहे हैं और एनडीएमए लगातार उत्तराखंड में जल रहे जंगलों की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। राज्य को इससे निपटने के लिए हर तरह की सहायता प्रदान की जाएगी। टेबल टॉप एक्सरसाइज के जरिये एनडीएमए के वरिष्ठ सलाहकार मेजर जनरल सुधीर बहल ने चारधाम यात्रा को लेकर जिलों की तैयारियों को परखा।

### जिलों ने बताया, तैयार हैं हम

टेबल टॉप एक्सरसाइज में सभी जिलों ने आगामी चारधाम यात्रा तथा मॉक ड्रिल को लेकर अपनी तैयारियों का खाका पेश किया। बीकेटीसी से श्री रमेश रावत ने बताया कि यात्रा के सुगम संचालन के लिए भूतपूर्व सैनिकों तथा स्वयं सेवकों की सहायता ली जा रही है। सीडीओ चमोली श्री अभिनव शाह ने बताया कि इस बार पांडुकेश्वर में ही यात्रियों का पंजीकरण और जांच की जा रही है। पहले यह बदरीनाथ धाम में ही होती थी, जिससे धाम में जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती थी। इस बार व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है।

# मतदाता जागरूकता अभियान में उत्तराखण्ड ने किया पूरे देश में टॉप

**बधाई**

■ मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सूचना महानिदेशक ने दी पूरी टीम को बधाई

**संवाददाता**

देहरादून। सोशल मीडिया पर मतदान जागरूकता अभियान को लेकर किए गए कार्यों के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग की ओर से मार्च महीने की जारी रैंकिंग में उत्तराखण्ड को पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उत्तराखण्ड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी. वी. आर. सी. पुरुषोत्तम ने इस उपलब्धि के लिए सोशल मीडिया टीम को बधाई दी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी. वी. आर. सी. पुरुषोत्तम के नेतृत्व में उत्तराखण्ड में मतदान जागरूकता अभियान को ग्राउंड स्तर और सोशल मीडिया पर योजनाबद्ध तरीके से तेजी से चलाया गया। मतदान जागरूकता और मतदान संबंधी जानकारी से भरे क्रिएटिव कंटेंट लोगों द्वारा काफी पसंद किए गए।

सीमांत ग्रामीण क्षेत्रों से पारंपरिक वेशभूषा में वोट अपील हो या फिर महिला समूह का मतदान पर सुंदर गीत हो या फिर स्टेट आइकॉन के साथ साथ बॉलीवुड स्टार्स का मतदाताओं के नाम संदेश सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए। सीईओ उत्तराखण्ड के सोशल मीडिया हैंडल पर चलाए गए रील्स और क्विज कंपीटीशन में भी लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

वहीं, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने मंगलवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में सोशल मीडिया टीम के साथ बैठक कर नोडल अधिकारी (सूचना) श्री रवि विजारनीया के नेतृत्व में टीम द्वारा किए गए कार्य की सराहना की और इस उपलब्धि के लिए पूरी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदण्डे एवं संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नमामि बंसल ने सोशल मीडिया टीम को बधाई दी।

#### देश और प्रदेशभर की हस्तियों का लिया सहयोग

सीईओ उत्तराखण्ड के सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर मतदान जागरूकता अभियान में गायक कैलास खेर, अभिनेता मनोज बाजपेयी, राजपाल यादव, अनिरुद्ध दवे, सूरज थापर,यश सिन्हा, अली अगसर,अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी, अर्चना पूरण सिंह, उपासना सिंह के साथ ही स्टेट आइकॉन जागर सम्राट प्रीतम भरतवाण, बसंती बिष्ट, लोक गायिका माधुरी बड़थवाल, पांडवाज ग्रुप, लोक गायक किशन महिपाल, इंद्र आर्य, उप्रेती सिस्टर्स, खुशी जोशी, सौरभ मैठाणी आदि के साथ साथ विश्व के सर्वश्रेष्ठ बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन, देश के जाने माने यू ट्यूबर सौरभ जोशी, अनुराग डोभाल ने भी सोशल मीडिया टीम के माध्यम से अपनी हिस्सेदारी निभाई।

### दून के मेजर प्रणव लेह में ड्यूटी के दौरान शहीद

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून के भनियावाला निवासी एक मेजर लेह में ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए। शहीद की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, मेजर के शहीद होने की खबर सुनकर आस–पास के दर्जनों लोग मेजर के घर पहुंचे। जानकारी के अनुसार, 94 मीडियम रेजिमेंट 18 आर्टिलरी बटालियन में तैनात मेजर प्रणव नेगी (36) पुत्र सुदर्शन सिंह नेगी लेह में ड्यूटी पर तैनात थे। वह मूल रूप से कीर्तिनगर, टिहरी जिले के रहने वाले थे। 2013 में आईएमए से पास आउट होकर वह सेना में लेफ्टिनेंट बने थे। वह दो बहनों के अकेले भाई थे। तीन साल पहले ही मेजर की गढ़ी कैंट देहरादून से शादी हुई थी। उनका डेढ़ साल का एक बेटा है। पूर्व ग्राम प्रधान व स्थानीय निवासी नरेंद्र नेगी ने कहा कि लेह में हाई एटीट्यूड में तैनाती के दौरान स्वास्थ्य बिगड़ने पर मेजर शहीद हुए हैं। बुधवार तक उनका पार्थिव शरीर भनियावाला पहुंचने की संभावना हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।